ओआईएच

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 303

दिनांक 02 दिसम्बर, 2025

बिहार में कृषि विज्ञान केंद्र

303. श्री सुनील कुमार :

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का बिहार के बगहा पुलिस जिले में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) खोलने का विचार है, क्योंकि पश्चिमी चंपारण जिला बहुत बड़ा है और इसमें दो पुलिस जिले हैं; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) एवं (ख) : बिहार राज्य में कुल 44 कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए गए हैं (सूची अनुबंध I पर संलग्न है)। इन 44 कृषि विज्ञान केंद्रों में से 2 कृषि विज्ञान केंद्र बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में कार्य कर रहे हैं। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा (BAGAHA) पुलिस जिले में कृषि विज्ञान केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****

अनुबंध-I

{लोक सभा के दिनांक 02.12.2025 के अतारांकित प्रश्न सं. 303 का भाग (क) एवं (ख)}

बिहार राज्य में कृषि विज्ञान केंद्र की सुविधा वाले जिलों का स्थान-वार विवरण

क्र. सं.	जोन	राज्य/संघ शासित प्रदेश	जिलों की संख्या	कृषि विज्ञान केंद्रों की संख्या	एक कृषि विज्ञान केंद्र की सुविधा वाले जिलों के नाम	एक कृषि विज्ञान केंद्र की सुविधा वाले जिलों की संख्या	दो कृषि विज्ञान केंद्रों की सुविधा वाले जिलों के नाम	दो कृषि विज्ञान केंद्रों की सुविधा वाले जिलों की संख्या
1	जोन-IV पटना	बिहार	38	44	मुंगेर, दरभंगा, वैशाली, बेगुसराय, सहरसा, नालंदा, बांका, पटना, शेखपुरा, मधेपुरा, भागलपुर, रोहतास, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, सीवान, जहानाबाद, सारण, सुपौल, शिवहर, औरंगाबाद, लखीसराय, किशनगंज, गोपालगंज, बक्सर, भोजपुर, नवादा, कैमुर,जमुई, खगड़िया, सीतामढ़ी तथा अरवल	32	मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मधुबनी, पूर्वी-चंपारण, पश्चिमी-चंपारण, गया	6

****